परीक्षा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लतार का मामला, सोमेश्वर ने कलेक्टर को लिखित शिकायत की थी

परीक्षा केंद्र में सामूहिक नकल, केंद्राध्यक्ष को हटाया

अनूपपुर नवभारत 21 फरवरी। जिले में स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लतार में बोर्ड परीक्षा में सामूहिक नकल कराये जाने की शिकायत शनिवार को ग्राम लतार निवासी सोमेश्वर नारायण पाठक ने कलेक्टर से करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस दौरान एक छात्रा का वीडियो जारी कर जानकारी दी गई हैं, वहीं शनिवार को परीक्षा केंद्राध्यक्ष को हटा दिया गया हैं। सोमेश्वर नारायण पाठक ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लतार परीक्षा केंद्र में सामूहिक नकल कराए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत में बताया हैं कि 20 फरवरी को आयोजित परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में खुलेआम नकल कराई गई हैं।

परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं की समीक्षा की मांग

उन्होंने मांग की है कि परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो। शिकायत पर कार्यवाही करते हुए परीक्षा केंद्राध्यक्ष प्रेमजीत प्रजापति (प्रधानाध्यापक माध्यमिक विद्यालय परासी) को हटाते हुए नई केंद्राध्यक्ष शीला पटेल को नियुक्त किया गया हैं।

निलंबन की कार्यवाही की जा रही

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बताया कि शिकायत मिलने पर प्रथम दृष्टया परीक्षा केंद्राध्यक्ष प्रेमजीत प्रजापति को हटा दिया गया है। निलंबन की कार्यवाही की जा रही है। आगे भी शिकायत मिलने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि नकल करने या कराने पर संबंधितों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी।

कुछ विद्यार्थियों को उत्तर लिखने विशेष सहायता की गई

आरोप है कि कुछ विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका में उत्तर लिखने में विशेष सहायता दी गई, जबकि अन्य विद्यार्थियों को निर्धारित नियमों का पालन करने के लिए बाध्य किया गया। शिकायतकर्ता ने यह भी उल्लेख किया है कि परीक्षा कक्ष में निरीक्षण व्यवस्था प्रभावी नहीं थी और नियमों की अनदेखी की गई। यह भी कहा है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच की जाए तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका स्पष्ट हो सकती है।

नागरिकों ने अधिकारियों को बताई समस्याएं

साप्ताहिक समीक्षा बैठक का जनसुनवाई के साथ समापन

राजनगर नवभारत 21 फरवरी। राजनगर कालरी, डूमर कछार निकाय में प्रति सप्ताह संपन्न होने वाले समीक्षा बैठक में शासन द्वारा संचालित नागरिक मूलभूत सुविधाओं को जनसामान्य में सहज उपलब्धता हेतु 21 फरवरी शनिवार को परिषद सभागार में डॉ. सुनील कुमार चौरसिया अध्यक्ष एवं जिला योजना समिति के सदस्य के मुख्यातिथ्य, निर्वाचित जन प्रतिनिधियों सभापति महेश चौहान, जितेंद्र चौहान,रवि सिंह,रंजीत वर्मा, पार्षद चंदा देवी महरा, सरिता यादव, पार्वती सिंह, पार्षद प्रतिनिधि योगेश पालीवाल के आतिथ्य तथा निकाय के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक एवं जनसुनवाई आयोजित की गयी।

बैठक प्रारंभ करने के पूर्व सर्वप्रथम निकाय कर्मचारी दीपक सिंह की माता का प्रात: स्वर्गवास हो जाने के उपरांत 2 मिनट का शोक धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सप्ताहिक समीक्षा के दौरान 22 बिंदुओं पर चर्चा की गयी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

निकाय में प्रारंभ हुई साप्ताहिक जनसुनवाई

शासन के कार्यों में तेजी लाने एवं आम नागरिकों तक जन सुविधाएं जमीनी स्तर पर पहुंच सके। इस शनिवार से समीक्षा बैठक में जनसुनवाई को भी शामिल किया गया है। जनसुनवाई के दौरान मुन्ना, उषा जायसवाल,पूजा पाव एवं अन्य नागरिकों द्वारा अपनी समस्याएं रखी गयीं। समीक्षा बैठक के दौरान प्रात: 10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक जन जनसुनवाई के माध्यम से निकाय और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के समक्ष समस्याएं सुनी गयी और उसके निराकरण के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

कुष्ठ खोज अभियान में मिले 2 नए मरीज



कोतमा के जमुनिया ग्राम में किया गया उपचार शुरू

कोतमा नवभारत 21 फरवरी। प्रदेश के 9 हाई पीआर जिलों में संचालित 'कुष्ठ रोगी खोज अभियान' के तहत शनिवार को ग्राम जमुनिया में राज्य एवं जिला स्तरीय टीम द्वारा सघन मॉनिटरिंग की गई। 11 फरवरी से 5 मार्च 2026 तक चलने वाले इस विशेष कार्यक्रम के दौरान टीम ने घर-घर जाकर जांच की, जिसमें 2 नए एमबी केस की पहचान की गई।

पहचान के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों का तत्काल उपचार शुरू कर दिया गया है। इस जांच दल में राज्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिवेन्द्र द्विवेदी, डॉ. संजय अग्रवाल के साथ जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर एवं स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सक्रिय उपस्थिति रही।

ग्रामीणों को रोग के प्रति किया जागरूक

अधिकारियों ने ग्रामीणों को रोग के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि समय पर पहचान और पूर्ण उपचार से कुष्ठ रोग पूरी तरह ठीक हो सकता है। कुष्ठ रोग एक संक्रामक बीमारी है, जो माइकोबैक्टीरियम लेप्री नामक जीवाणु के कारण होती है। इसके मुख्य लक्षण त्वचा पर दाग-धब्बे, शरीर पर हल्के रंग के या लाल रंग के दाग, जिनमें सूनापन हो यानी उस जगह पर छूने, सुई चुभने, गर्मी या ठंडे का एहसास नहीं होता। चेहरे या कान के निचले हिस्से पर गांठें या सूजन का दिखाई देना है। सभी सरकारी अस्पतालों में इसका इलाज मुफ्त उपलब्ध है।

पीएमजीएसवाई कार्य योजना सर्वसम्मति से अनुमोदित

अनूपपुर नवभारत। जिले में जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक शनिवार को जिला पंचायत की अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना अंतर्गत जिले के चारों विकास खण्डो कि तैयार की गई प्राथमिकता सूची तथा पीएमजीएसवाई चतुर्थ चरण योजना के अंतर्गत तैयार की गई प्राथमिकता सूची में लिए गए कार्यों पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए उपयुक्त सर्वे तथा कार्य योजना निर्माण की सराहना करते हुए कार्य- योजना का सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष पार्वती वाल्मीकि राठौर, पीएमजीएसवाई के महाप्रबंधक दीपेश रावल, सहायक प्रबंधक संजय दुबे जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी डॉ उमेश द्विवेदी, उपसंचालक कृषि सहित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कन्यादान योजना में 200 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे

गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजन, जनप्रतिनिधियों ने नवदम्पतियों को दिया आशीर्वाद

कोतमा नवभारत 21 फरवरी। गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 200 जोड़ों का विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नवदंपतियों को सुखमय, समृद्ध एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं।

विवाह संस्कार वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुए, जिससे पूरा स्टेडियम उल्लास और उत्साह से भर उठा। नवविवाहित जोड़ों को आवश्यक गृहस्थी सामग्री भी प्रदान की गई, जिससे उनके नए जीवन की शुरुआत सशक्त आधार के साथ हो सके।

योजना सेवा और संस्कार का उदाहरण

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि दिलीप जायसवाल क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए सम्मान और सहयोग का सशक्त माध्यम बन रही है। यह योजना सामाजिक समरसता, सेवा और संस्कार का जीवंत उदाहरण है, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को संबल प्रदान कर रही है। प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ, बिजुरी नगर पालिका अध्यक्ष सहवीन पनिका, जनपद उपाध्यक्ष जीवन सिंह, अनूपपुर जनपद अध्यक्ष धानमती सिंह, जिला उपाध्यक्ष ज्योति सोनी, जिला मंत्री प्रभात मिश्रा, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रोशन वारसी, अंत्योदय समिति के अध्यक्ष विजय पांडे, मंडल अध्यक्ष रिंकू शर्मा, मंडल अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी, राजनगर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुषमा जोशी आदि उपस्थित रहे।

यात्री ट्रेनों के ठहराव के लिए कांग्रेस का धरना

अनूपपुर नवभारत 21 फरवरी। जिले के वेंकटनगर क्षेत्र में रेल सुविधाओं की बहाली की मांग को लेकर शनिवार को कांग्रेस ने वेंकटनगर रेलवे स्टेशन से 100 मीटर दूर अनूपपुर-वेंकटनगर मार्ग पर मुख्य बाजार में धरना प्रदर्शन किया। रेलवे ने दो माह में व्यवस्था बहाल करने का आश्वासन पत्र दिया, जिसके बाद शाम को धरना समाप्त कर दिया गया।

जिले के वेंकटनगर और निगौरा रेलवे स्टेशन में कोरोना काल के दौरान बंद किए गए यात्री ट्रेनों के ठहराव को पुन: शुरू करने की मांग को लेकर यह प्रदर्शन किया गया था। पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को के नेतृत्व में जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू चौहान, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह सहित दर्जनों गांवों से आए कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पहुंचने का प्रयास किया। जिसे आरपीएफ और जिला पुलिस बल ने कार्यकर्ताओं को रेलवे ट्रैक तक पहुंचने से रोक दिया।

विद्यार्थियों व मरीजों को मिलेगा लाभ

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के अधिकारियों ने इस व्यवस्था के लिए पहले तीन माह का समय मांगा था। कांग्रेस ने इस पर आपत्ति जताई और जल्द बहाली की मांग की, जिसके बाद रेलवे दो माह में व्यवस्था बहाल करने पर सहमत हो गया। क्षेत्रवासी उन पारंपरिक ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे हैं जो कोरोना से पहले वेंकटनगर और निगौरा स्टेशन की मुख्य ट्रेनें थीं। इनमें बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर और बिलासपुर-चिरमिरी-बिलासपुर ट्रेनें शामिल हैं। इन ट्रेनों के ठहराव से कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों, गंभीर मरीजों और छोटे व्यापारियों को लाभ मिलेगा।

735 मतदान केन्द्रो में 5 लाख 5 हजार 259 मतदाता पंजीकृत

अनूपपुर नवभारत 21 फरवरी। जिले में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिले की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार जिले के सभी मतदान केंद्रों पर संशोधित मतदाता सूची उपलब्ध करा दी गई है। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा क्षेत्र 86 कोतमा, विधानसभा क्षेत्र 87 अनूपपुर एवं विधानसभा क्षेत्र 88 पुष्पराजगढ़ में कुल 735 मतदान केंद्रों पर विधानसभा स्तर पर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है। जिसके अनुसार जिले में कुल 5 लाख 5 हजार 259 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 2 लाख 55 हजार 878 पुरुष मतदाता, 2 लाख 49 हजार 375 महिला मतदाता तथा 6 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।

पटवारी संघ की कलम बंद हड़ताल जारी

अनूपपुर नवभारत। जिले में पटवारी संघ ने अपनी मांगों और लंबित वेतन को लेकर सख्त रुख अपना लिया है। संघ ने चेतावनी देते हुए कहां कि यदि 25 फरवरी तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो 26 फरवरी से माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में दी जा रही सेवाओं का बहिष्कार करेंगे। ज्ञात हो कि पटवारी संघ की हड़ताल का शनिवार को 11 दिन हैं। संघ का कहना है कि वेतन नहीं मिलने से पटवारी आर्थिक संकट में हैं। इस संबंध में जिलाध्यक्ष चेतन सिंह मरावी के नेतृत्व में मुख्य सचिव, राजस्व विभाग और शिक्षा विभाग को पत्र भेजा गया है। पत्र में बताया गया है कि वेतन के अभाव में पटवारियों को राशन खरीदने, बच्चों की फीस जमा करने और बैंक की किश्त चुकाने में परेशानी हो रही है। कई पटवारियों के पास परीक्षा केंद्रों तक जाने के लिए वाहनों में ईंधन भराने तक के पैसे नहीं बचे हैं।

तसर रेशम उत्पादन पर कार्यशाला आयोजित

अनूपपुर नवभारत। जिले में स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में शनिवार को 'तसर बीज उत्पादन में नवीन प्रगति एवं भावी रणनीतियां, जनजातीय सशक्तिकरण एवं युवा सहभागिता' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। केंद्रीय रेशम बोर्ड (वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार) के बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केंद्र, बालाघाट तथा विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में विशेषज्ञों ने रेशम कीट पालन की आधुनिक तकनीकों और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य अतिथि और प्रभारी कुलपति प्रो. ब्योमकेश त्रिपाठी ने कहा कि तकनीक का सही उपयोग ही जनजातीय सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा इस क्षेत्र में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यशाला में डॉ. देश दीपक चौधरी, सहायक प्राध्यापक, प्राणीशास्त्र विभाग, ने तसर रेशम के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की आगामी योजनाओं और शोध कार्यों के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम बिजुरी नगरपालिका में नगर गौरव दिवस की धूम, आनंद उत्सव के तहत स्थानीय कलाकारों को भी किया गया सम्मानित

प्रतिभाओं का किया सम्मान और विकास का लिया संकल्प

बिजुरी नवभारत 21 फरवरी। नगरपालिका परिषद बिजुरी में नगर गौरव दिवस का आयोजन किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका की अध्यक्षता और मुख्य नगरपालिका अधिकारी पवन साहू के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने नगर के विकास और गौरव को नई पहचान दी।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर आयोजित खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। साथ ही, आनंद उत्सव कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया, जिससे नगर की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिला।

स्वच्छ और सुंदर बिजुरी पर मंथन

आयोजन के दौरान एक विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें नगर के प्रबुद्ध जनों और जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। वक्ताओं ने बिजुरी के सर्वांगीण विकास बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और स्वच्छता रैंकिंग में सुधार लाने पर अपने विचार साझा किए।

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की रही उपस्थिति

आयोजन में क्षेत्र के दिग्गज जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अमला एक मंच पर नजर आया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीति सतीश शर्मा, विधायक प्रतिनिधि दीपक शर्मा, विजय जायसवाल, तरुणेंद्र सिंह, पिंटू रजक, कैलाश कोल एवं समस्त पार्षदगण वोही अधिकारी के रूप में मुख्य नगरपालिका अधिकारी पवन साहू, राजस्व अधिकारी लखन पनिका और स्वच्छता अधिकारी डीएन मिश्रा सहित समस्त विभागीय कर्मचारी।

मीडिया और जनभागीदारी से मिली कार्यक्रम को मजबूती

नगर गौरव दिवस के इस आयोजन में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों की सक्रिय मौजूदगी रही, जिन्होंने कार्यक्रम की बारीकियों को जनता तक पहुँचाया। नगर पालिका प्रशासन ने इसे केवल एक सरकारी आयोजन न मानकर 'जन-उत्सव' के रूप में मनाया जिसमें शहर के नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बिजुरी के गौरव को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया।

कार्यालय नगर परिषद् जैतहरी जिला अनूपपुर (म.प्र.)

E-mail:-cmojaithari@mpurban.gov.in phone:-07659-262323

क्रं./ 1787 न.परि. / 2026 जैतहरी, दिनांक :-20/02/2026

(प्रथम आमंत्रण)
अनुभाग-1

मत्स्य विभाग द्वारा निर्मित स्मार्ट फिश पार्लर (Smart Fish Parlar) दुकान के आवंटन हेतु इच्छुक हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किया जाना है। दुकानों का आवंटन शासन द्वारा निर्धारित निम्नलिखित वरीयता क्रम एवं पात्रता शर्तों के आधार पर किया जाएगा, विवरण निम्नानुसार है :-

आवंटन में प्राथमिकता क्रम	अनिवार्य पात्रता शर्ते
1. सामान्य वर्ग (General) 2. अन्य पिछडा वर्ग (OBC) 3. अनूसूचित जाति (SC) 4. अनूसूचित जनजाति (ST)	1. आवेदक म.प्र. का स्थायी निवासी होना चाहिए। 2. आवेदक परिषद् (नगर परिषद् क्षेत्र का) निवासी होना चाहिए। 3. आवेदक मत्स्य व्यवसाय का कार्य करता हो अथवा इस क्षेत्र में विशेष रूचि हो।

1. इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन नगर परिषद् जैतहरी के कार्यालय में जमा कर सकते है। आवेदन के साथ निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। 2. निविदा प्रपत्र दिनांक 20/02/2026 समय 10:30 से दिनांक 27/02/2026 समय 17:30 तक नगर परिषद् जैतहरी में जमा किया जा सकता है। 3. दिनांक 02/03/2026 को समय दोपहर 12:00 बजे को दुकान के आवंटन हेतु निविदा खोली जानी है। सभी आवेदकों की उपस्थिति अनिवार्य है। 4. निर्धारित समय पश्चात आवेदन पर विचार नही किया जाएगा। 5. अमानत राशि 50000/- (चेक / डिमाण्ड / नकद /ऑनलाइन) निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। 6. स्मार्ट फिश पार्लर का मासिक किराया 1000/- दुकान अनुबंध पश्चात प्रत्येक माह की 10 तारीख तक जमा करना अनिवार्य होगा। 7. स्मार्ट फिश संचालन की कार्यप्रणाली संतोषपद नही पाये जाने पर अनुबंध समाप्त कर दिया जायेगा जिसकी संपूर्ण जबावदारी स्मार्ट फिश संचालक की होगी। 8. विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में राजस्व शाखा में देखी व प्राप्त की जा सकती है।

(भूपेन्द्र सिंह)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद जैतहरी जिला-अनूपपुर (म.प्र.)